हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 27 फरवरी 2026
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 गोमाता के शव के कथित अपमान पर कांग्रेस का...



07 बकायादार किसानों व उपभोक्ताओं का शोषण...



## खबर संक्षेप

### जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति दिशा की बैठक 2 को

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में सीहोर कलेक्ट्रेट में 2 मार्च को दोपहर 2 बजे जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ?दिशा? की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, एनएचएआई, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल जीवन मिशन, उर्जा विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, पशुपालन विभाग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनजातीय कार्य विभाग सहित सभी विभागीय कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।


### बिजली का दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई होगी

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि अब ई-वाहन/ई-रिक्शा आदि की चार्जिंग में विद्युत का दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई होगी। कंपनी ने कहा है कि ई-वाहन तथा ई-रिक्शा मालिकों द्वारा उनके वाहनों की चार्जिंग में बिजली का दुरुपयोग किया जाना संज्ञान में आया है। कंपनी ने कहा है कि मैदानी अधिकारियों द्वारा यदि जांच में ऐसा पाया जाता है तो वाहन जप्त कर विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत वितरण कंपनी ने ऐसे उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्षनों की जांच में मीटर क्रमांक, उसकी कार्य प्रणाली एवं श्रेणी दर्ज करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने हेतु मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया है। साथ ही क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से ई-वाहनों के मालिकों की जानकारी प्राप्त कर उनके विद्युत कनेक्शन को एनजीबी बिलिंग प्रणाली में शामिल करने की कार्रवाई की जाएगी।

# नपा और ठेकेदार की लापरवाही, 'टीम संडे का सुकून' ने निभाई जिम्मेदारी, सड़क के बीच में खड़े मौत के पोल पर लगाया रेडियम

## लुनिया चौराहा से मछलीपुल की बहुप्रतिक्षित सड़क पर निर्माण एजेंसी ने दिखाई लापरवाही, बगैर बिजली पोल हटवाए सड़क बना दी

**सीहोर।** शहर के मछलीपुल से लुनिया चौराहा तक बन रहा बहुप्रतिक्षित मार्ग इन दिनों सुविधा से ज्यादा दुविधा और हादसों का सबब बना हुआ है। जिस सडक़ के बनने का इंतजार शहरवासियों को सालों से था, उसका फिलहाल एक ही हिस्सा बना है, लेकिन वह भी लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। सडक़ के एक तरफ के जिस हिस्से को बनाया गया है, उस पर लगे बिजली के खंभों को हटाने की जहमत न तो नगर पालिका ने उठाई और न ही ठेकेदार ने, जब जिम्मेदार सो गए तो शहर की युवा सामाजिक संस्था टीम संडे का सुकून ने वाहन चालकों की पीड़ा समझी और अपनी स्वनिधि से खंभे पर रेडियम पट्टी लगाकर इन्हें सुरक्षित करने का प्रयास किया है।



बता दें इस मार्ग के निर्माण के लिए नगर पालिका की चेतावनी के बाद स्थानीय दुकानदारों और रहवासियों ने खुद आगे बढक़र अपने सालों पुराने अतिक्रमण हटाए थे। लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन इस उम्मीद में कि शहर को एक व्यवस्थित और चौड़ी सडक़ मिलेगी। लेकिन विडंबना देखिए निर्माण एजेंसी ने सडक़ को नियमों के ताक पर रखकर इतना ऊंचा यानी पहाडनुमा बना दिया है कि अब बारिश के समय घरों और दुकानों में पानी भरने का खतरा पैदा हो गया है।

### मौत को दावत दे रहे बिजली के पोल

सड़क निर्माण के दौरान सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि बीच में आ रहे बिजली के पोल हटाए बिना ही सडक़ बना दी गई। वर्तमान में ये खंभे सडक़ के बीचों-बीच खड़े हैं। चूंकि यह मार्ग बस स्टैंड को रेलवे स्टेशन और मंडी क्षेत्र से जोड़ता है, इसलिए यहां से दिन भर में 5 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। रात के अंधेरे में ये खंभे वाहन चालकों को दिखाई नहीं दे रहे हैं, जो हादसों का सबब बने हुए हैं।

### जनता का सवाल, आखिर सो रहे जिम्मेदार

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि सडक़ निर्माण की ड्राइंग और लेवलिंग में भारी गड़बड़ी है। सडक़ इतनी ऊंची कर दी गई है कि दुकानों के शटर नीचे दब गए हैं। वहीं बिजली के खंभों को शिफ्ट न करना सीधे तौर पर जान-माल के साथ खिलवाड़ है। शहर में चर्चा है कि जो काम नगर पालिका और ठेकेदार को लाखों के बजट में करना था, वह काम युवाओं की एक टोली ने कर दिखाया।

**युवाओं ने दिखाई राह, जेब से खर्च किए 2000 :** जब नगर पालिका और ठेकेदार ने जनता की शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया तो टीम संडे का सुकून के युवाओं ने खुद मोर्चा संभाला। टीम के सदस्यों ने लगभग 1800 से 2000 रुपये अपनी जेब से खर्च कर बिजली के खंभे पर चमकीला रेडियम लगाया। अब रात के अंधेरे में वाहनों की लाइट पड़ते ही ये पोल दूर से चमकने लगते हैं, जिससे वाहन चालकों को खतरे का आभास हो जाता है।

## नर्मदा किनारे से पांच किलोमीटर क्षेत्र में नहीं होगी शराब दुकान, सलकनपुर क्षेत्र में भी प्रतिबंधित

# शराब दुकानों की नीलामी आज से, नई आबकारी नीति के तहत होंगे ई-टेंडर, 350 करोड़ का लक्ष्य

शराब माफिया और बड़े समूहों के एकाधिकार (सिंडिकेट) को तोडने के लिए इस बार कड़ा नियम बनाया गया है। अब कोई भी एक समूह अधिकतम 5 दुकानों से ज्यादा का ठेका नहीं ले सकेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए घोषित नई आबकारी नीति के तहत जिले में मदिरा दुकानों की नीलामी प्रक्रिया कल से शुरू होने जा रही है। जिला प्रशासन और आबकारी विभाग ने इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार नीलामी प्रक्रिया 27 फरवरी से शुरू होकर 7 मार्च तक ई-टेंडर के माध्यम से चलेगी। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में तैयार इस नीति में सामाजिक सरोकारों और धार्मिक पवित्रता का विशेष ध्यान रखा गया है। बता दें पिछले वित्तीय वर्ष में जिले की शराब दुकानें 292 करोड़ रुपये में नीलाम हुई थीं। इस वर्ष सरकार ने आरक्षित मूल्य में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, जिसके चलते जिले के लिए 350 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य रखा गया है। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों सीहोर, आष्टा, बुदनी और इछावर की दुकानों के लिए अलग-अलग 19 कम्पोजिट मदिरा समूहों के टेंडर बुलाए गए हैं। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी प्रक्रिया ई.ऑक्शन और ई.टेंडर के जरिए संपन्न होगी।

### नर्मदा तट और सलकनपुर में पाबंदी

नई नीति में सरकार ने स्पष्ट किया है कि धार्मिक और प्राकृतिक शुचिता से कोई समझौता नहीं होगा। मां नर्मदा के प्रति आस्था को देखते हुए तट से 5 किलोमीटर की परिधि में कोई भी शराब दुकान संचालित नहीं होगी। इसी तरह जिले की प्रसिद्ध धार्मिक नगरी सलकनपुर में मदिरा की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। शासन ने यह भी साफ कर दिया है कि पूरे प्रदेश में एक भी नई शराब दुकान नहीं खोली जाएगी।

### सिंडिकेट और एकाधिकार पर लगेगी लगाम

शराब माफिया और बड़े समूहों के एकाधिकार (सिंडिकेट) को तोडऩे के लिए इस बार कड़ा नियम बनाया गया है। अब कोई भी एक समूह अधिकतम 5 दुकानों से ज्यादा का ठेका नहीं ले सकेगा। साथ ही पुराने ठेकेदारों को मिलने वाली नवीनीकरण की सुविधा खत्म कर दी गई है। अब हर दुकान के लिए नए सिरे से बोली लगानी होगी, जिससे छोटे कारोबारियों को भी इस क्षेत्र में आने का मौका मिलेगा।

### सुरक्षा के कड़े नियम

जालसाजी और फर्जीवाड़े को रोकने के लिए विभाग ने सुरक्षा राशि के नियमों में बदलाव किया है। अब केवल ई.चालान या ई.बैंक गारंटी ही स्वीकार की जाएगी। पुरानी कागजी गारंटी या सावधि जमा मान्य नहीं होगी। जिला आबकारी अधिकारी के अनुसार दुकानों के समूहों को आरक्षित मूल्य के आधार पर तीन से चार बैचों में बांटा गया है ताकि नीलामी सुचारू रूप से हो सके।

### नई नीति के साथ होगी प्रक्रिया

जिले में नई आबकारी नीति के तहत पूरी पारदर्शिता के साथ नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। ई.टेंडरिंग के माध्यम से ठेके दिए जाएंगे और शासन के दिशा-निर्देशों जैसे नर्मदा तट से दूरी का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

**दीपसिंह राठौर,** जिला आबकारी अधिकारी सीहोर

### भारतीय मजदूर संघ ने रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया




**सीहोर।** भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय आह्वान पर बुधवार को जिला संगठन द्वारा देशव्यापी विरोध दिवस मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कर्मचारियों व श्रमिकों की विभिन्न मांगों को लेकर रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व भोपाल नाका पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं भामस के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यर्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम परमार ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विभाग प्रमुख अनिल शर्मा, वीरसिंह गुर्जर, आंगनवाड़ी संघ की जिलाध्यक्ष उषा राठौर, राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष गोपालसिंह ठाकुर जिलाध्यक्ष कुंदन राय, दैवेभो कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव विनोद बोयत मौजूद रहे।

## नदी में अज्ञात युवती का शव मिला

**भैरुंदा।** थाना भैरुंदा अंतर्गत ग्राम नंदगांव स्थित अम्बर नदी में बुधवार सुबह एक अज्ञात युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की उम्र लगभग 20 वर्ष बताई जा रही है। फिलहाल उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे ग्रामीणों ने नदी में एक शव तैरता हुआ देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना भैरुंदा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एसडीआरएफ टीम की सहायता से शव को पानी से बाहर निकलवाया और पंचनामा कार्रवाई के बाद उसे सिविल अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवाया है। एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि युवती की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान होने के बाद ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आसपास के थानों-गोपालपुर, इछावर एवं भैरुंदा-में



दर्ज गुमशुदगी के प्रकरणों की जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है। मृतका की पहचान के लिए सोशल मीडिया और स्थानीय ग्रामीण समूहों में फोटो साझा किए गए हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच में जुटी है। शव की पहचान नहीं हो सकी थी।

## तालाब में मरे मिले 16 से पक्षी: ग्रामीणों ने पोस्टमॉर्टम और पानी की जांच कराने की मांग

**सीहोर।** जिले के ग्राम बरखेड़ी में बुधवार की सुबह तालाब किनारे बड़ी संख्या में पक्षी मृत अवस्था में पड़े मिले। सुबह टहलने और खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने तालाब के पास पक्षियों को जमीन पर पड़ा देखा। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीणों के मुताबिक, मृत पक्षियों की संख्या 16 से अधिक है। सभी पक्षी एक ही इलाके में तालाब के किनारे पड़े मिले। घटना के बाद पूरे गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।



### पानी की कमी वाले तालाब में डेरा डाले थे प्रवासी पक्षी

बरखेड़ी के इस तालाब में इन दिनों पानी बहुत कम बचा है। इसके बावजूद यहां प्रवासी पक्षी हर साल की तरह डेरा डाले हुए थे। ग्रामीणों का कहना है कि ठंड के मौसम में अलग-अलग प्रजातियों के पक्षी यहां आते हैं और कई दिन तक रुकते हैं। आज सुबह अचानक बड़ी संख्या में पक्षियों के मृत मिलने से लोगों में दहशत और चिंता दोनों है। ग्रामीणों को आशंका है कि पानी की कमी, प्रदूषण या किसी अन्य कारण से यह घटना हुई हो सकती है।

### डायल 112 ने बताया कार्यक्षेत्र से बाहर

सजग ग्रामीणों ने सबसे पहले डायल 112 पर कॉल कर सूचना दी। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें यह कहकर जवाब दे दिया गया कि यह मामला उनके कार्यक्षेत्र में नहीं आता। इसके बाद ग्रामीणों ने सीधे वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर पूरी जानकारी दी।

### वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची निरीक्षण जारी

मामले की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। टीम ने तालाब का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया। मृत पक्षियों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही पानी और अन्य सैंपल एकत्र कर जांच के लिए सागर भेजे गए हैं।

मौके पर पहुंचे वन विभाग के वनपाल बृजेश राठौर ने बताया कि सैंपल एकत्र कर लिए गए हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टि में ऐसा लग रहा है कि पानी के कारण पक्षियों की मौत हुई हो सकती है, लेकिन अंतिम निष्कर्ष जांच रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगा।

### बगुले, तीतरी जैसे पक्षी भी शामिल

ग्राम के निवासी सुनील ने बताया कि मृत पक्षियों में बगुले और तीतरी जैसे पक्षी शामिल हैं। कुछ पक्षी देखने में हंस जैसे भी लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि तालाब में पानी की कमी के बावजूद प्रवासी पक्षी हर साल यहां आते हैं, लेकिन इस तरह की घटना पहले कभी नहीं हुई।

### जांच रिपोर्ट के बाद ही साफ होगा कारण

फिलहाल पूरे मामले में अंतिम कारण पोस्टमार्टम और सैंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। गांव के लोग चिंतित हैं और चाहते हैं कि जल्द रिपोर्ट सामने आए, ताकि यह साफ हो सके कि पक्षियों की मौत बीमारी, जहरीले पानी या किसी अन्य वजह से हुई है और भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो।

## बाजार से हल्दी खरीदकर पिलाई थी उसके बाद बिगड़ी तबीयत

# 61 भेड़-बकरियों की मौत: पशुपालक बोला उल्टी के बाद अचानक जमीन पर गिरने लगीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के मैना और खामखेड़ा गांवों के बीच पशुपालकों के डेरे में उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक 150 से 200 भेड़-बकरियों की मौत हो गई। यह घटना पशुओं को हल्दी का घोल पिलाने के कुछ ही समय बाद हुई।

जानकारी के अनुसार, पशुपालकों ने ग्राम मैना के साप्ताहिक बाजार से पिसी हुई हल्दी खरीदी थी। इसे पानी में घोलकर भेड़-बकरियों को पिलाया गया। घोल पीने के कुछ देर बाद ही पशुओं में उल्टी, अत्यधिक कमजोरी और अचानक गिरने जैसे लक्षण दिखाई देने लगे।

**कुछ ही समय में बड़ी संख्या में मौत :** स्थिति तेजी से बिगड़ती चली गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में पशु अचेत होकर गिरने लगे। थोड़ी ही देर में एक के बाद एक करीब 61 भेड़-बकरियों की मौत हो गई, जिससे पशुपालकों को भारी नुकसान हुआ है। घटना के बाद पशुपालकों ने आशंका जताई है कि बाजार से खरीदी गई हल्दी में मिलावट या किसी जहरीले रसायन की मौजूदगी हो सकती है। ग्रामीणों ने इतनी बड़ी संख्या में पशुओं की मौत को असामान्य बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।



**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने दी जाती है भेड़-बकरियों को हल्दी :** देसी पशुपालकों में भेड़ों और बकरियों को हल्दी पिलाने की परंपरा पुरानी है। विशेषज्ञों के अनुसार हल्दी में प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और सूजनरोधी गुण होते हैं, जो पेट दर्द, दस्त, अफारा और आंतों के संक्रमण में लाभकारी माने जाते हैं। प्रसव के बाद हल्दी देने से अंदरूनी सफाई और कमजोरी दूर होने में मदद मिलती है।

साथ ही यह रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है। हालांकि, पशुपालन विशेषज्ञ हल्दी सीमित मात्रा में ही देने की सलाह देते हैं। अधिक मात्रा या मिलावटी हल्दी पशुओं के लिए गंभीर रूप से नुकसानदायक हो सकती है। गंभीर स्थिति में पशु चिकित्सक से परामर्श जरूरी है।

### नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से 13 महा अर्घ किए समर्पित

**सीहोर।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे अष्टानहिका का महापर्व के पावन अवसर पर प.पू. आचार्य विद्यासागर महाराज आचार्य समय सागर महाराज और मुनि श्री 108 अक्षय सागर महाराज एवं नवाचार मुनि उपसम सागर जी महाराज की असीम कृपा और आशीर्वाद से24 फरवरी से 4 मार्च तक सात दिवसीय सिद्धपुर की नगरी में सिद्धों की आराधना करते हुए नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति के तत्वाधान मे सकल जैन समाज द्वारा आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के दूसरे दिन श्रावक श्राविकाओ ने भक्ति भाव से 13 महा अर्घ समर्पित कर सिध्दो की आराधना कर धर्म लाभ अर्जित किया।

## खबर संक्षेप

### अभिभाषक संघ बागली के चुनाव संपन्न हुए




**बागली।** विगत दिनों बागली अभिभाषक संघ के चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें अध्यक्ष अधिवक्ता कमलेश शर्मा , कोषाध्यक्ष चंद्र शेखर मराठा व पुस्तकालय सचिव ओमप्रकाश पारस निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं उपाध्यक्ष पिंकेश गामी व सचिव के गोपाल सेंधव व सह सचिव के पद पर अधिवक्ता संदीप पाटीदार विजय हुए। बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने कहा कि वह अधिवक्ता के हितों की सदैव रक्षा करेंगे। साथ ही सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अभिभाषकों के प्रति आभार जताया ।सभी निर्वाचित पदाधिकारियों व युवा कार्यकारिणी के निर्वाचन पर अधिवक्तागणों ने हर्ष व्याप्त किया।

### कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**देवास।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अन्तर्गत जिले में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए जिला पंचायत देवास द्वारा एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में जनपद पंचायत देवास, सोनकच्छ, टोंकखुर्द, बागली, कन्नौद एवं खातेगांव क्षेत्रों से बालक-बालिका वर्ग की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खातेगांव जनपद पंचायत क्षेत्र की बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने प्रथम पुरूस्कार प्राप्त किया। बालक वर्ग में जनपद पंचायत बागली की टीम ने द्वितीय स्थान एवं जनपद पंचायत देवास क्षेत्र की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान जनपद पंचायत कन्नौद व तृतीय स्थान जनपद पंचायत बागली की टीम ने प्राप्त किया।

### ट्रेंचिंग ग्राउंड पर मिले गायों के शव, कांग्रेस नेता ने महापौर के इस्तीफे की मांग की, निगम अधिकारी निलंबित

# गोमाता के शव के कथित अपमान पर कांग्रेस का अनोखा विरोध, सड़कों पर नारेबाजी कर प्रदर्शन, जताया आक्रोश




### ट्रेंचिंग ग्राउंड मामले को लेकर नगर निगम पर गंभीर आरोप, निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के ट्रेंचिंग ग्राउंड पर खुले में पड़े गायों के शव मिलने से नगर निगम की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नियमानुसार मृत पशुओं को गड्ढे में दफनाया जाना चाहिए, लेकिन कई गायों के अवशेष खुले में पाए गए, जिससे स्पष्ट लापरवाही सामने आई। बुधवार को इसका वीडियो सामने आया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस नेता भी सक्रिय हुए। शहर के ट्रेंचिंग ग्राउंड में गोमाता के शव के साथ कथित अमानवीय व्यवहार के मामले को लेकर कांग्रेस ने अनोखा प्रदर्शन करते हुए नगर निगम और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर विरोध जताया। कांग्रेस के जिला संगठन महासचिव जितेंद्र सिंह गौड़ के नेतृत्व में स्थानीय मंडी गेट के सामने गोमाता की रक्षा के लिए प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान गाय के ऊपर "मुझे बीजेपी से कोई बचाओ" लिखी पट्टी लगाकर विरोध दर्ज कराया गया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि देवास के ट्रेंचिंग ग्राउंड में गोमाता के शव के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, जिसे लेकर शहरवासियों में भी आक्रोश है। इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस आक्रामक नजर आई और नगर निगम प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह गौड़ ने कहा कि अधिकारियों की आड़ में गोमाता की हड्डियों और चमड़ी की कथित खरीद-फरोख्त की जा रही थी। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा "गौ माता" के नाम पर वोट मांगती है, लेकिन जमीनी स्तर पर गायों की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है।

#### गोशालाओं में अनियमितता के आरोप

कांग्रेस नेताओं ने देवास की गोशालाओं में चारे के नाम पर लाखों रुपये के खर्च में गड़बड़ी का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कागजों में बड़ी राशि दर्शाई जाती है, लेकिन वास्तविकता में गायों को पर्याप्त चारा और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

#### दफनाने की प्रक्रिया पर भी उठाए सवाल

नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि मृत गायों को दफनाने के लिए नगर निगम द्वारा लगभग 1500 रुपये निर्धारित हैं, लेकिन कई मामलों में गौवंश के शव खुले में पड़े मिलते हैं। हाल ही में हुई कार्रवाई के बाद चर्मकार समाज के लोग भी आंदोलन पर चले गए हैं, जिसके कारण देवास में कई स्थानों पर गौवंश के शव सड़ने की स्थिति में पड़े हुए हैं। इससे मामला और अधिक तूल पकड़ता जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मुद्दे को लेकर शहर में जनाक्रोश बढ़ता दिखाई दे रहा है और प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की जा रही है। कार्यक्रम में प्रयास गौतम, मनीष चौधरी, राजेंद्र सिंह बैंस, हरीश गजधर, राजा पडिहार, दिलीप सिंह सोलंकी, रूपेश कल्याण, गौरव जोशी, हर्षद प्रताप गौड़, नरेश बैरागी, बंटू जायसवाल, संजय रेखवल, संदीप चौधरी, मोहित राठौर, सचिन सोलंकी, पृथ्वीराज सिंह सोलंकी, यशवंत कुशवाहा, नकुल पटेल, कमलेश गुप्ता, बबलू चौहान, रणछोड़ पटेल, तेजसिंह यादव, नरेंद्र ठाकुर, अनुराग ठाकुर और रोहित डांगी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।




#### महापौर के इस्तीफे की मांग

ट्रेंचिंग ग्राउंड पर खुले में पड़े गायों के शव मिलने के बाद गुरुवार सुबह कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से घटनाक्रम पर चर्चा की और व्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और महापौर से इस्तीफा मांगा। इसके साथ हीं आरोप लगाया कि नगर निगम में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग गाय के नाम पर चुनाव जीतते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं विफल हैं। चामुंडा माता की नगरी में ऐसी घटनाएं शहर की छवि को धूमिल करती हैं। चौधरी ने महापौर से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की है। इस मामले में प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए निगम कमिश्नर दलीप कुमार ने नगर निगम के अधिकारी जितेंद्र सिसोदिया को निलंबित कर दिया है। साथ ही, दो अन्य अधिकारी-कर्मचारियों का सात-सात दिनों का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है। यह पूरा घटनाक्रम सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद सामने आया था।

# नौकरी भौरासा में, लेकिन ड्यूटी उज्जैन में! कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रही नगर परिषद, नागरिक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर परिषद भौरासा की कार्यप्रणाली इन दिनों सवालों के घेरे में है। नगर परिषद में कहने को तो लगभग 50 से 55 कर्मचारी दर्ज हैं, जबकि कार्यालय संचालन के लिए करीब 20 कर्मचारियों की आवश्यकता बताई जाती है लेकिन नगर परिषद की कमजोर वित्तीय स्थिति और कर्मचारियों की कमी के कारण वर्तमान में केवल 9 से 10 कर्मचारी ही उपलब्ध हैं। इनमें से भी दो से तीन कर्मचारियों को अन्य स्थानों पर अटैचमेंट पर भेज दिया गया है, जिसके चलते कार्यालय में नियमित रूप से मात्र 7 से 8 कर्मचारी ही कार्यरत रहते हैं। ऐसे में नगर परिषद में कामकाज प्रभावित होना स्वाभाविक है। आम नागरिक जब अपने काम के लिए नगर परिषद कार्यालय पहुंचते हैं तो कई बार संबंधित कर्मचारी उपलब्ध नहीं मिलते, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी बीच एक और मामला सामने आया है, जिसने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी अनुसार कमलेश कौशल नामक कर्मचारी पिछले करीब 5 से 6 वर्षों से नगर परिषद कार्यालय में दिखाई नहीं दे रहा, लेकिन उसकी तनख्वाह नगर परिषद से ही निकल रही है। कमलेश कौशल ने वर्ष 2019 में सहायक ग्रेड-3 के पद पर पहली नियुक्ति के साथ नगर परिषद भौरासा में जॉइनिंग की थी। बताया जाता है कि वह उज्जैन से भौरासा आना-जाना करता था, लेकिन बाद में राजनीतिक प्रभाव के चलते वर्ष 2021 में उसने उज्जैन स्थित संयुक्त संचालक (जेडी) कार्यालय में अपना अटैचमेंट करवा लिया। तब से वह उज्जैन में रहकर काम कर रहा है, जबकि उसका वेतन भौरासा नगर परिषद से ही निकल रहा है।




गौरतलब है कि नगर परिषद भौरासा में पिछले 5 से 6 महीनों से कई कर्मचारियों का वेतन भी नहीं निकल पाया है, जबकि अटैचमेंट पर गए कर्मचारियों का भुगतान नगर परिषद से ही किया जा रहा है। जब इस मामले में नगरीय संयुक्त संचालक उज्जैन राजीव निगम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

#### क्या कहते हैं जिम्मेदार?


इस संबंध में जब भौरासा नगर परिषद के अध्यक्ष संजय जोशी का कहना है कि कर्मचारियों के अटैचमेंट का मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के कर्मचारियों की 3 से 4 महीने की तनख्वाह भी बकाया है। इस संबंध में सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर एवं उच्च अधिकारियों को कर्मचारियों का अटैचमेंट समाप्त करने के लिए लिखित में अवगत कराया गया है, लेकिन अभी तक कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है।

# देवास में सजेगा मराठी संस्कृति का महाकुंभः आज से बृहन्महाराष्ट्र मंडल का 74वां वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में आगामी 27 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक मराठी संस्कृति के विराट उत्सव की साक्षी बनेगी। बृहन्महाराष्ट्र मंडल, नई दिल्ली के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्था का 74वां वार्षिक अधिवेशन एवं साधारण सभा इस वर्ष मालवा की धरती पर आयोजित किया जा रहा है। आयोजन की मेजबानी महाराष्ट्र समाज, देवास द्वारा की जा रही है। यह अधिवेशन महाराष्ट्र के बाहर जीवंत 'मराठी अस्मिता' के उत्सव के रूप में देखा जा रहा है। अधिवेशन का औपचारिक उद्घाटन शनिवार को प्रातः 10:30 बजे होगा। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी तथा विधायक गायत्रीराजे पवार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रख्यात कलाकार अशोक समेळ और स्वानंद किरकिरे विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अधिवेशन के अंतर्गत तीन दिनों तक विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शुक्रवार को 'शब्दस्वरांचा सुवर्ण प्रवास' के माध्यम से मराठी भाषा गौरव दिवस पर ख्यात कवियों की रचनाओं का गायन एवं पाठ होगा। शनिवार को प्रातः 8 बजे 'निर्मळ निर्गुण' में पं. कुमार गंधर्व के पौत्र पं. भुवनेश कोमकली निर्गुण भजनों की प्रस्तुति देंगे। दोपहर 1:30 बजे 'काव्य संगम' में द्विभाषी कवियों का काव्य पाठ होगा। इसके बाद 2:30 बजे 'मुक्त संवाद' में अशोक समेळ और स्वानंद किरकिरे के साथ विशेष साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। सायं 5 बजे मुख्य अधिवेशन स्थल से महाराष्ट्र समाज तक 'मराठी गौरव शोभायात्रा' निकाली जाएगी, जो महाराष्ट्र की शौर्य गाथा और सांस्कृतिक वैभव को प्रदर्शित करेगी। शाम 6 बजे 'भक्तिरंग' कार्यक्रम में सुपरस्टार छोटे उस्ताद विजेता राजयोग धुरी संतों के अभंग एवं भजनों की प्रस्तुति देंगे।

1 मार्च, रविवार को वार्षिक साधारण सभा आयोजित की जाएगी। इसी दिन सत्र 2026-2029 के लिए नई कार्यकारिणी के निर्वाचन हेतु मतदान एवं चुनाव प्रक्रिया संपन्न होगी। अधिवेशन के मुख्य कार्यक्रम देवास मंडी व्यापारी एसोसिएशन धर्मशाला (मुख्य बस स्टैंड के सामने) में आयोजित होंगे, जबकि 'भक्तिरंग' का विशेष आयोजन महाराष्ट्र समाज के राजकवि श्री गोविंदराव झोकरकर स्मृति सभागार में किया जाएगा।




### पटाक परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय कथा का समापन, श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ

# सभी से प्रेम करना ही भगवान की सच्ची भक्तिः कथावाचक शर्मा




हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

उठो, जागो ओर तब तक मत रुको जब तक भगवान की सुंदर मूरत के दर्शन नहीं हो जाए। भागवत कथा मनुष्य को यही संदेश ओर प्रेरणा देती है।उक्त प्रसंग पटाक परिसर के वृंदावन धाम सुंद्रेल में कथा के सातवें दिन विश्राम दिवस के अवसर पर भागवताचार्य पंडित नरेंद्र शर्मा श्रीधाम रतलाम ने सुनाया।

शर्मा ने कहा कि धन जरूर कमाना चाहिए, लेकिन धन का सदुपयोग होना चाहिए। किसी गरीब की कन्या का विवाह कर दिया जाए, कोई गांव में जहां भगवान का मंदिर नहीं है मंदिर बना दिया जाए। किसी गरीब की कुटिया को भी देख कर उसकी मदद कर दी जाए।देश की सेवा में लगे सैनिकों के लिए खर्च कर दिया जाए। तभी हमारे द्वारा कमाया हुआ धन शुद्ध ओर पवित्र होता है। धन से ज्यादा लगाव मनुष्य को पतित बना देता है।

धन का संचय करने की बजाय उसे सत्कार्यों में लगाने से ही धन टिकता है। प्रेम से एकता से अपने अच्छे कर्मों से हम सबका दिल जीत लेते है। यदि सनातन धर्म की रक्षा करना है और सनातन संस्कृति की रक्षा करना है तो उसकी शुरुवात अपने घर से ही प्रारंभ करें ,यही भागवत कथा का संदेश है।कथा में कृष्ण सुदामा का मार्मिक प्रसंग सुनाया गया।

सुनकर भक्तों के आंखों में आसूं आ गए। कृष्ण सुदामा की सुंदर झांकी सजाई गई। शर्मा ने कहा कि भगवान कहते है कि सबको अपने अपने कर्मों को समय रहते भुगतना ही पड़ता है।भगवान की भक्ति में गरीबी मनुष्य के जीवन में कभी आड़े नहीं आती। सच्चे मन से भगवान को भजता है उसका कल्याण हो जाता है। भागवत कथा कहती है कि सभी से प्रेम करना ही भगवान की सच्ची भक्ति है। इस सांसारिक जीवन में खूब प्रेम ओर प्यार बांटो जीवन आनंद से परिपूर्ण हो जाएगा। परीक्षित का मोक्ष प्राप्त हुआ। कथा समापन पर कथा संयोजक गोविंद ,शिवप्रसाद ,गिरधर बंटी,गोपाल पटाक परिवार ने व्यासपीठ पर आचार्य नरेंद्र शर्मा का शाल श्रीफल से सम्मान किया।

पंडित शर्मा ने सभी भक्तों को उनके मंगलमय जीवन का आशीर्वाद दिया। भजन गायक मुकेश जोशी ने भजनों की प्रस्तुति दी। गायत्री परिवार के दिनेशचंद्र पंचोली ने भी आयोजक पटाक परिवार की प्रशंसा की। कथा में मदन पटाक,सुरेश पटेल,शिक्षक सत्यनारायण पंचोली, आरसी मीणा, दिनेश तिवारी, जगदीश थुरवाल,धीरज ,नीरज ,कमल पटाक सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

# जनता बैंक चौराहे पर किया जर्जर मार्केट को ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जनता बैंक चौराहे पर बना पुराना और जर्जर मार्केट गिरा दिया गया है। नगर निगम ने यह कार्रवाई लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की। अधिकारियों के मुताबिक यह मार्केट काफी साल पुराना था और इमारत की हालत बहुत खराब हो चुकी थी। दीवारें और ढांचा कमजोर हो गया था, जिससे कभी भी हादसा हो सकता था। इसी खतरे को देखते हुए जेसीबी मशीन से पूरे भवन को तोड़ दिया गया।लीज पर दी गईं दुकानें नगर निगम की राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव ने बताया कि यह मार्केट निगम के अनुबंध पर था और दुकानों को पहले लीज पर दिया गया था। समय के साथ इमारत की स्थिति लगातार बिगड़ती गई। उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद इसे हटाने का फैसला लिया गया। निगम ने कहा है कि अब इस जगह के लिए नया टेंडर जारी किया जाएगा। यहां एक नई और आधुनिक मार्केट बनाई जाएगी, जिसमें बेहतर और सुरक्षित सुविधाएं होंगी। नगर निगम का कहना है कि यह कदम लोगों की सुरक्षा और शहर के बेहतर विकास को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

## खबर संक्षेप

### सांसद की अध्यक्षता में आज दिशा समिति की बैठक

**ललितपुर।** जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के तत्वाधान में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक आगामी शुक्रवार 27 फरवरी को आयोजित की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में होने वाली इस बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।परियोजना निदेशक द्वारा जारी सूचना के अनुसार, यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होगी।बैठक की अध्यक्षता सांसद अनुराग शर्मा करेंगे। बैठक में जिले के अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रहेगी। इस उच्च स्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं की वर्तमान स्थिति का जायजा लेना है। बैठक में समस्त प्रमुख क्षेत्र पंचायत, अध्यक्ष नगर पंचायत, सांसद द्वारा नामित सदस्य और संबंधित आला अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### शौच जा रही महिला से छेड़छाड़ का आरोप

**जाखलौन (ललितपुर)।** थाना जाखलौन क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए जा रही महिला से कथित छेड़छाड़ और अशोभनीय प्रस्ताव देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार एक गांव क्षेत्र की रहने वाली महिला ने शिकायत देकर बताया कि बीती 17 फरवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे वह शौच के लिए जा रही थीं। आरोप है कि रास्ते में गांव का ही युवक मिला और उससे बातचीत करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि युवक ने उसे पैसों का लालच देकर अपने साथ गलत काम करने का दबाव बनाया। जब उसने इसका विरोध किया और मना किया तो आरोपी ने अभद्र व्यवहार किया। किसी तरह वह वहां से निकलकर घर पहुंची और बाद में परिजनों के साथ पुलिस चौकी पहुंचकर शिकायत दी। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि घटना के बाद वह भयभीत है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई चाहती है। तहरीर के आधार पर थाना जाखलौन पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### दहेज उत्पीडन, मारपीट में पति सहित 3 पर केस

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में दहेज की मांग, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, झांसी निवासी शिकायतकर्ता श्याम कुमार (एडवोकेट) ने कोतवाली ललितपुर में तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्री की शादी जून 2023 में नेहरू नगर, ललितपुर निवासी अच्युत पुत्र लक्ष्मीकांत के साथ हुई थी। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति अतिरिक्त दहेज की मांग करता रहा और आए दिन पुत्री के साथ मारपीट व मानसिक उत्पीडन करता था। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी शराब पीने का आदी है और विरोध करने पर पत्नी का वेतन भी छीन लेता था। 1 फरवरी 2026 की रात आरोपी ने कथित तौर पर पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट की और जान से मारने की कोशिश की। पीड़िता किसी तरह पड़ोसी के घर पहुंचकर अपनी जान बचा सकी और परिजनों को सूचना दी। पीड़िता के पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी के माता-पिता भी उसे प्रताड़ित करने में सहयोग करते हैं और लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कार से टक्कर के बाद युवक से मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार में टक्कर मारने और विरोध करने पर मारपीट व धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने टैक्सी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन निवासी अक्षत चौधरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 फरवरी 2026 की सुबह करीब 9 बजे वह अपने निजी वाहन से बैंक जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में टैक्सी संख्या यूपी 94 टी 3788 के चालक ने टक्कर मार दी।

## प्रभारी मंत्री ने सरकारी योजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा की

# बकायादार किसानों व उपभोक्ताओं का शोषण न हो, भ्रष्ट लाइनमैनों पर कार्रवाई हो: अंसारी

■ **सीएम डैशबोर्ड पर प्रदेश में ललितपुर को प्रथम स्थान मिलने पर प्रभारी मंत्री खुश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




जिले के प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के सख्त निर्देश दिये। बैठक में प्रभारी मंत्री ने सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में प्रथम स्थान मिलने पर जिलाधिकारी ओर उनकी टीम को बधाई दी और इसी मनोवेग से आगे भी प्रथम स्थान बरकरार रखने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने विद्युत आपूर्ति को निर्देश दिए कि बकाएदार किसानों का लाइनमैन और विजिलेंस के द्वारा उत्पीडऩ न किया जाए, उन्हें सिंचाई के लिए सप्लाई दी जाए और विभागीय अधिकारी उनके प्रकरणों का निस्तारण कराने में किसानों का अपेक्षित सहयोग करें और भ्रष्ट लाइनमैन पर कार्यवाही करें। प्रभारी मंत्री ने एकीकृत बागवानी (उद्यान) की समीक्षा करते हुए किसानों को आधुनिक खेती को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषि संयंत्र उपलब्ध करा रही है और सब्सीडी भी दे रही है, जिनका लाभ लेकर किसान अपनी आय में वृद्धि करें। प्रभारी मंत्री ने विभागीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, ऐसे में सभी विभागीय लक्ष्य और विकास कार्य समय रहते पूर्ण करा लें, उन्होंने पर्यटन विकास के सभी कार्यों को वित्तीय वर्ष के भीतर पूर्ण कराने और अगले वित्तीय वर्ष में जनप्रतिनिधियों से नये कार्यों के सुझाव लेकर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना की जानकारी लेते हुए जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक लोगों को संयंत्र लगवाने के लिए प्रेरित करने की अपेक्षा की, कृषि विभाग की समीक्षा के अंतर्गत किसान सम्मान निधि बॉटम फाइव में होने पर नाराजगी जताते हुए प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि किसी भी दशा में किसानों का भुगतान और सब्सिडी नहीं रुकनी चाहिए।

ग्राम्य विकास के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में सर्वे का कार्य पूर्ण बताया गया, स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में मेडिकल कॉलेज में बिजली और पानी का कनेक्शन जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए गए। जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि मेडिकल कॉलेज के आसपास विकास के दृष्टिगत पानी की टंकी बनाए जाने का सुझाव दिया, जिसे मिनिट्स में शामिल किया गया। बैठक के बाद प्रभारी मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम सम्मान योजना के दो लाभार्थी राजमिस्त्रियों को टूलकिट वितरित की और उन्हें टूलकिट के माध्यम से स्वरोजगार करने को कहा। बैठक में राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष हरिश्चन्द्र रावत, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी उपस्थित रहे। इस दौरान डीएम सत्य प्रकाश, एसपी मो.मुश्ताक, सीडीओ शेषनाथ चौहान, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, सीएमओ, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, पीडी डीआरडीए, डीडीओ, डीसी मनरेगा, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, सिंचाई, ग्रामीण अभियंत्रण एवं अन्य कार्यदायी विभागों के अधिशासी अभियंता, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, महिला कल्याण व अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री को पत्र सौंपा

# भौंरट बांध के विस्थापितों ने मुआवजे की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भौंरट बांध डूब क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीणों ने प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी को प्रार्थना पत्र देकर उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। बदलते हुए सर्किल रेट से मुआवजा राशि कम हो गई है जबकि पूर्व के सर्किल रेट में ग्रामीणों को अधिक मुआवजा दिया गया था। भौंरट बांध के प्रभावित ग्रामीण सिंचाई मंत्री, मुख्यमंत्री दरबार में गुहार लगाने के बाद आज प्रभारी मंत्री से मिले और अपना दुखड़ा सुनाया।उन्होंने बताया कि सतलींगा, भोंरट, गुमची, बम्होरीघाट भैरा, छपरट, महरौनी, सकरौनी केसाथ गुगरवारा, बानौनी, भारौनी, गंगचारी, दैलवारा सभी ग्रामों का सर्किल रेट 2014 तक एक समान रहा।वर्ष 2015 से लगातार देलवारा, गुगरवारा, बानोनी, भारोनी एवं गंगचारी का सर्किल रेट हर वर्ष बढ़ता गया, जबकि सतलिंगा, भौंरट, गुमची, बम्हौरी घाट,भैरा, छपरट, महरौनी, सकरोनी का सर्किल रेट लगातार घटता गया। इसे किसानों ने अपने विरुद्ध अन्याय बताकर कहा कि वर्तमान में कृषि भूमि का बाजार मूल्य 15 लाख रुपए प्रति एकड़ है और उन्हें 8 लाख रुपए प्रति एकड़ दिया जा रहा है जिसके चलते वह अपनी मुआवजा राशि से आधी भूमि नही खरीद पाएंगे। उनकी मांग है कि 2022-23 में बड़े हुए सर्किल रेट लागू किए जाएं। ज्ञापन देते समय पूर्व जिला मंत्री जगदीश सिंह निरंजन, प्रधान किसरदा हाकिम सिंह, प्रधान प्रतिनिधि छपरट रामस्वरूप, ज्ञासीराम, धर्मेंद्र कुमार, पन्नालाल, दयाराम, कैलाश, सचिन रहे।

# अप्रैल अंत तक जलाशय से पेयजल आपूर्ति के निर्देश

## प्रभारी मंत्री ने उच्च जलाशल का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





गुरुवार को प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने अमृत 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत इलाइट चौराहा मरघट स्थित 2700 किलो लीटर उच्च जलाशय का औचक निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री ने अप्रैल माह के अन्त तक इलाइट चौराहा स्थित उच्च जलाशय से पेयजलापूर्ति करने, शहर में पाइप लाइन बिछाने के दौरान काटी गई सड़कों की युद्ध स्तर पर मरम्मत कराने एवं एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग इत्यादि से कार्य करने की अनुमति न मिलने पर विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य कराने के निर्देश दिये।

अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय ने बताया कि अमृत 2.0 कार्यक्रम के तहत ललितपुर आवर्धन एवं सुदृढ़ीकरण पेयजल योजना से नगर पालिका परिषद योजना में प्रस्तावित नवीन उच्च जलाशयों (2700 किली., 2000 किली. एवं 1350 किली.) का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत, 90 प्रतिशत एवं 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है, वर्तमान में 158.30 किमी.वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है। वर्तमान में योजना में प्रस्तावित 23665 नग पेयजल गृह संयोजनों के सापेक्ष 8360 नग पेयजल गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसके साथ साथ पूर्व से स्थापित पाइप लाइनों से नवीन लाइनों (30 कि.मी.) को जोड़कर लगभग 2000 परिवारों को पेयजल आपूर्ति प्रारम्भकर दी गयी है। योजना की भौतिक प्रगति 80 प्रतिशत है। मौके पर राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष हरिश्चन्द्र रावत, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय मुकेश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मोहल्लावासियों ने शिकायती पत्र सौंपा

# खिरकापुरा कॉलोनी में जल संकट, डीएम से गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शहर के वार्ड नंबर-2 स्थित खिरकापुरा स्थित काशीराम कॉलोनी के निवासी इन दिनों बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। लंबे समय से चल रही पानी की किल्लत से परेशान होकर दर्जनों मोहल्लावासी गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और शिकायती पत्र सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की।

जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्र में निवासियों ने बताया कि कॉलोनी में स्थित पानी की टंकी से सप्लाई ठप पड़ी है। स्थिति तब और विकट हो गई जब मोहल्ले में मौजूद एकमात्र सरकारी बोरवेल पर भी कुछ दबंगों या स्थानीय लोगों द्वारा कब्जा करने की बात सामने आई। निवासियों का आरोप है कि उन्हें बोरवेल से पानी नहीं भरने दिया जा रहा है, जिससे दैनिक कार्यों के लिए भी पानी जुटाना मुश्किल हो गया है।क्षेत्रीय लोगों में स्थानीय जनप्रतिनिधि के खिलाफ भारी आक्रोश है। पीड़ितों का कहना है किहमने कई बार अपने वार्ड पार्षद को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया, लेकिन हमारी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हुई। पार्षद की बेरुखी के कारण आज हमें कलेक्ट्रेट के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।शिकायती पत्र पर पुष्पेंद्र, पूजा, गीता, केशकली और सरस्वती समेत कई महिलाओं व पुरुषों ने अपने हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान लगाए हैं। निवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि खिरकापुरा कॉलोनी में पानी की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और बोरवेल विवाद को सुलझाया जाए। यदि जल्द ही समाधान नहीं हुआ, तो मोहल्लेवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## प्रभारी मंत्री को ज्ञापन भेजा

# सेवा विस्तार की मांग को लेकर 55 सुरक्षा गार्ड सड़क पर आए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद के राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं सीएचसी स्तर पर पिछले डेढ़ वर्ष से तैनात 55 आउटसोर्सिंग सुरक्षा गार्डो (महिला व पुरुष) के सामने अचानक बेरोजगारी का संकट खड़ा हो गया है।

सेवा विस्तार और समायोजन की मांग को लेकर पीड़ित कर्मचारियों ने प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी को ज्ञापन भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले 18 महीनों से पूरी निष्ठा के साथ स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे थे। हाल ही में शासन के एक निर्देश का हवाला देते हुए उनके अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया और उनके स्थान पर पूर्व सैनिकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके चलते इन सभी 55 युवाओं की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

### परिवारों पर भुखमरी का साया

ज्ञापन में कर्मियों ने भावुक अपील करते हुए कहा कि वे सभी स्थानीय बेरोजगार युवा हैं। अचानक नौकरी जाने से उनके परिवारों के सामने आर्थिक तंगी और भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। कर्मचारियों ने बताया कि वे इससे पहले जिलाधिकारी, सांसद, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को भी अपनी समस्या से अवगत करा चुके हैं।

### शासन से आख्या की प्रतीक्षा

पत्र के अनुसार, शासन स्तर पर इस मामले में सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से आख्या मांगी गई है। कर्मचारियों ने मांग की है कि विभाग जल्द से जल्द उनके समायोजन संबंधी रिपोर्ट शासन को भेजे ताकि उनकी बहाली का मार्ग प्रशस्त हो सके। कर्मियों ने यह भी तर्क दिया है कि मेडिकल कॉलेज के विस्तार (हॉस्टल, एकेडमिक ब्लॉक, 300 बेड अस्पताल) के कारण वहां अधिक सुरक्षा गार्डों की आवश्यकता है। वर्तमान में पूर्व सैनिक कल्याण निगम द्वारा पर्याप्त संख्या में गार्ड उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं, ऐसे में पुराने अनुभवी गार्डों को पुनः नियुक्त करना संस्थान और कर्मचारियों दोनों के हित में होगा।

# भाजपा के जिला कार्यालय में शोकसभा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर एक शोकसभा का आयोजन हुआ। शोकसभा में भारतीय जनसंघ के जमाने से सक्रिय रहे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शत बर्ष पूर्ण कर चुके एक सौ एक बर्ष के आदरणीय दादा वृन्दावन लाल लोधी उर्फ गट्टर सेक्टर के आकस्मिक निधन एवं भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक विभूति भूषण चौरसिया के पूज्य पिताजी शिव नारायण चौरसिया के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया।एवं पवित्र आत्माओं की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे,एस आई आर प्रमुख हरीराम निरंजन, स्नातक विधायक चुनाव संयोजक जगदीश सिंह लोधी एड, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, बंशीधर श्रीवास, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सौनाली विवेक जैन, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया,बरिष्ठ नेता ईं भागीरथ बरुआ, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, जिला उपाध्यक्ष बसंती लारिया, धर्मेन्द्र कुमार पाठक,रुचिका बुन्देला, मनविंदर कौर,रजनी अहिरवार, शशिशेखर पाण्डेय, रमेश कुशवाहा नझाई, गौरव गौतम,डा दीपक चौबे, अजय जैन साईकिल, सुरेश कोंते, अवतार सिंह लोधी, ध्रुव सिंह सिसौदिया, रुपेश साहू, दीपक पाराशर, अभिमन्यु सिंह लोधी, हरेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला, जगभान सिंह लोधी एड, अशोक साहू दाऊ उपस्थित रहे।

# अजपा ने यूजीसी एक्ट 2026 का समर्थन किया




**ललितपुर।** जनपद में अपनी जनता पार्टी की जिला इकाई द्वारा केन्द्र सरकार के यूजीसी एक्ट 2026 के प्रति अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के निर्देशानुसार, गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से भारत की राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि यह एक्ट पिछड़ों, अनुसूचित जाति और जनजाति के हितों के संरक्षण में सहायक होगा। ज्ञापन कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष बबलू कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुए। जिलाध्यक्ष बबलू कुशवाहा ने बताया कि पार्टी इस कानून के सकारात्मक पहलुओं को जन-जन तक पहुँचाने और शोषित वर्ग के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति तक पहुँचाने के लिए जिला प्रशासन को सौंपा गया है ताकि सरकार को जनता के सकारात्मक रुख से अवगत कराया जा सके।

## जिला उद्योग व्यापार मंडल प्रतिनिधिमंडल मिला

# फायर सर्विस स्टेशन के विस्तार की मांग, प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिला उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस जाकर ज्ञापन प्रभारी मंत्री दानिश अंसारी अल्पसंख्यक राज्य मंत्री को दिया दूसरा ज्ञापन लोकप्रिय भाजपा जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत को दिया। एक ज्ञापन लोकप्रिय सदर विधायक रामरतन कुशवाहा को दिया जिसमें जनपद ललितपुर की कई वर्षों से चली आ रही कठिन समस्या ललितपुर जिले का क्षेत्रफल काफी बढ़ चुका है लेकिन फायर सब स्टेशन एवं फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सिर्फ मुख्यालय पर ही है जिससे जिले की पांचो तहसील में कहीं भी आग लगने बाद आग पर काबू पाने के लिए बड़ी समस्या होती है और लाखों रुपए की छती व्यापारी किसान एवं आमजन को होती है जिला उद्योग व्यापार मंडल पिछले तीन वर्षों से लगातार व्यापारी सुरक्षा फोरम की मीटिंग में मांग करता रहा है लेकिन अभी तक सिर्फ प्रशासन द्वारा जानकारी हुई है कि मड़ावरा, पाली, तालबेहट, ललितपुर ,महरौनी ,तहसीलों में सिर्फ भूमि आवंटन की गई है सब स्टेशन निर्माण के लिए एवं हर तहसील में गाड़ियों की उपलब्धता के लिए प्रशासन अग्नि समन अधिकारी एवं जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन में महानिदेशक अग्निशमन तथा आपात सेवा उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा पत्र संख्या ll403 -1 दिनांक 03 ,11, 2023 से अनु स्मारक पत्र दिनांक 11 ,12 ,2023, 01,0 5, 2024 एवं 25,10,24 द्वारा प्रमुख सचिव गृह उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को जिलाधिकारी महोदय एवं अग्निशमन अधिकारी द्वारा पत्राचार किया जा रहा है लेकिन अभी तक सिर्फ पाली मड़ावरा महरौली नाराहट तहसील में फायर ब्रिगेड के लिए जमीन ही आवंटित की गई है जबकि फायर स्टेशन निर्माण के संबंध में तत्कालीन जिलाधिकारी महोदय द्वारा भी उत्तर प्रदेश शासन को पत्राचार द्वारा एवं दूरसंचार के द्वारा संपर्क किया जा रहा है

अतः आपसे अनुरोध है कि भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए अबिलंब शासन द्वारा मुख्यमंत्री महोदय से मिलकर पांचो तहसीलों में फायर स्टेशन निर्माण के लिए वित्तीय रकम स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए एवं हर तहसील में दो गाड़ियां उपलब्ध कराई जाए जनपद मुख्यालय पर कम से कम पांच अग्निशमन की गाड़ियां एवं 10 बाइक गाड़ियां जिसमें 30 लीटर पानी की क्षमता गली मोहल्ले में आग लगने से वहां पहुंच सके और आप पर काबू पा सके आपसे अनुरोध है और पूर्ण विश्वास है जनपद में जनहित की समस्या एवं व्यापारी किसान आमजन की समस्या को शीघ्र ही हल करने की कृपा करेंगे इसी क्रम में प्रभारी मंत्री जी, सदर विधायक जी, जिला अध्यक्ष जी भारतीय जनता पार्टी ने पूर्ण आश्वासन दिया और कहा, जिले की हर तहसील में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को अति शीघ्र ही दिया जाएगा ज्ञापन देने में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित मनीष सडैय़ा, जिला अध्यक्ष सुरेश बडेऱा, जिला वरिष्ठ महामंत्री प्रदीप सतरवांस, जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंघई, गल्ला मंडी अध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष जयकुमार महोली, प्रदेश उपाध्यक्ष उद्योग मंच कमलेश सराफ, प्रदेश मंत्री संतोष इमलिया, प्रदेश संगठन मंत्री राहुल गुप्ता, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बॉबी राजा नाराहट, राजू सिंधी, रविंद्र दिवाकर, डॉ संजीव कड़की, जिला मंत्री संभव सिंघई, सुबोध गोस्वामी नगर महामंत्री समित समैया, नगर युवा अध्यक्ष संजय जैन रिंकू, नगर मंत्री मनीष मनपसंद, सौरभ सेरबास विवेक , मड़वैया , पवन दाऊ, रजनीश चड्ढा बृजेंद्र कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

### नियमितीकरण, वेतनवृद्धि, सेवानिवृत्ति उपरान्त मासिक पेंशन सहित रखी अन्य मांगें

शासन से लंबे समय से गुहार लगाती आ रही हैं ये महिला कर्मचारी

# आंगनबाड़ियों के अमले ने मंदिर में बैठक उपरान्त शासन से रखी मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

जिले की 2456 आंगनबाड़ियों में पदस्थ कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अपना मानदेय बढ़ाने, नियमित करने सहित अन्य मांगों को लेकर लंबे समय से शासन, प्रशासन से गुहार लगाती आ रही हैं। शासन द्वारा पूर्व में दिए गए आश्वासनों के बाद भी जब मांगों का कोई हल नहीं निकला तो जिले की समस्त आंगनबाड़ियों में कार्यरत अमला बुधवार को एक बार पुनः मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने पहुंचा। ज्ञापन के पूर्व सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं कलेक्टोरेट स्थित मंदिर परिसर में एकत्रित हुई जहां सबसे पहले भगवान को नमन करते हुए बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन पदाधिकारियों ने अपने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की।

संघटन जिलाध्यक्ष सूर्यकिरण शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई के इस दौर में भी सभी साथी महिला कर्मचारी अल्प मानदेय में कार्य कर रहे हैं जबकि शासन द्वारा उन पर बाकि सारे नियम नियमित कर्मचारिओं की भांति लागू किए जा रहे हैं। सुविधा के नाम पर उन्हें स्कीम वर्कर कहा जाता है लेकिन शासन, प्रशासन की बहुत सी योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। न बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल पा रही है न ही परिवार में आर्थिक रूप से वह ज्यादा योगदान दे पा रही हैं। बैठक उपरान्त सभी ने कलेक्टोट परिसर पहुंचकर अपनी मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा।



#### सभी शासकीय सुविधाओं का लाभ देने की मांग

मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए उक्त ज्ञापन में मांग रखी गई कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के लिए एक नीति बनाकर नियमित करते हुए सभी शासकीय सुविधाओं का लाभ दिया जाए। आंगनबाड़ी से पर्यवेक्षक के पद पर बगैर परीक्षा के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को योग्यता और अनुभव के आधार पर पदोन्नत किया जाए। इसके साथ ही शासन उन्हें किसी भी अन्य कार्य में संलग्न न करें।

#### हर मांग निश्चित तारीख पर मानदेय की मांग

ज्ञापन में प्रमुखता से मांग रखी गई कि सभी आंगनबाड़ी वर्करों का मासिक मानदेय उन्हें प्रत्येक माह की 5 तारीख तक कर दिया जाए। इसके साथ ही किसी भी विभाग मै नियुक्ति निकलने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को अनुभव के अंक समेत आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदाय की जाए।

#### सेवानिवृत्ति उपरान्त मिले पेंशन

संघटन पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग यह भी है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को उनकी सेवानिवृत्ति उपरान्त कम से कम 5 हजार रुपये मासिक पेंशन दी जाए। इसके साथ ही सेवाकाल में मृत्यु होने पर परिवार को सांत्वना राशि के रूप में कम से कम 2 लाख रुपये दिए जाएं।

### बस मालिकों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# ... तो सड़कों पर बसें नहीं उतारेंगे जिले के सभी बस आनर्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्टेट केरिज बसों के संचालन के संबंध में शासन द्वारा लाई जा रही नई परिवहन नीति को दमनकारी करार देते हुए जिले के समस्त बस मालिकों ने शासन, प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है। बुधवार दोपहर सभी बस टैवल्स संचालक कलेक्टोरेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम इस संबंध में अपनी मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा।

मध्यप्रदेश बस आनर्स एसोसिएशन के बैनर तले सौंपे गए इस ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शासन ने 24 दिसंबर 2025 एवं 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में संशोधन का जो प्रारूप प्रकाशित किया है, उसे समाप्त किया जाए। वर्तमान में जिस व्यवस्था के साथ जिले सहित पूरे सूबे में यात्री बसों का संचालन चल रहा है, उस व्यवस्था में अगर बदलाव किया गया तो सभी बस मालिक हड़ताल पर चले जाएंगे।

#### छोटे बस मालिकों की टूट जाएगी कमर

एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि नई नीति के तहत प्रावधान है कि वर्तमान में संचालित सभी यात्री बसों के परमिट निरस्त कर दिए जाएंगे। इसके उपरान्त बड़ी कंपनियों को प्रदेश में बस सेवा संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। शासन के इस निर्णय से छोटे बस संचालकों की कमर टूटनी तय है। ज्ञापन के अवसर पर संघटन पदाधिकारी कैलाश पुरोहित, राजेश भार्गव, दिनेश शर्मा, विशाल द्विवेदी, अर्पित शुक्ला, निखिल गुप्ता, महेश अग्रवाल, प्रियांशु शुक्ला, राहुल जायसवाल, इजमाम खान, शाहिद खान, विनोद बैरागी, सचिन पांडेय, लोकेंद्र सिंह परमार सहित अन्य बस ऑपरेटर्स उपस्थित थे।

### नगर में ताश खेल रहे 12 जुआरी धराए, 25 हजार जब्त

**राजगढ़।** कोतवाली टीआई मंजू मखेनिया को मुखबिरों से मिली सूचना के बाद किला क्षेत्र में छुपते-छुपाते जुआ खेल रहे 12 लोगों को पकड़ा है। अभियुक्तों के पास से 25 हजार की राशि बरामद करते हुए उन पर एफआईआर दर्ज की गई है। जिन व्यक्तियों को ताश खेलते पकड़ा गया है उनमें दरियाव सिंह तंवर निवासी झंझाडपुर, शकील खान पुरोहित मोहल्ला राजगढ़, अभयसिंह तंवर निवासी फूटातालाब, अमरलाल तंवर झंझाड़पुर, पर्वत सिंह सौंधिया निवासी लालपुरिया, पप्पू तंवर निवासी कंवरपुरा, दरियाव निवासी नलखेड़ा, धीरप वाल्मिकी राजगढ़, फुजेल खान पुरा राजगढ़, जुबेर खान पीटी कंपनी राजगढ़, फरीदुद्दीन भंडारा गली राजगढ़, विशाल निवासी खुजनेर रोड राजगढ़ शामिल हैं। इस जुए का संचालन कर रहे राहुल चौहान, राजगढ़ पर भी पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## जाटव को अजा मोर्चा के प्रदेश सह प्रभारी बनाए जाने पर किया स्वागत



**ब्यावरा।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश कार्य समिति में प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार की टीम में गोपाल जाटव को प्रदेश के सह प्रशिक्षण प्रभारी नियुक्त किए जाने से जाटव समाज में खुशी की लहर है। इस नियुक्ति पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में लोकप्रिय नेता गोपाल जाटव का सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं अजा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जाटव का साफा बंधाकर अजा मोर्चा अध्यक्ष गगन चौहान और मंडल उपाध्यक्ष सोनू जाटव द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, महामंत्री दीपक सामरे, मंडल उपाध्यक्ष नवल कुशवाह, बनवारी कुशवाह, पुलकित साहू, गिरराज लववंशी सोनू सोनी, ऐलकर आदि मौजूद रहे।

## कृषि मेले के दौरान कर्मचारी को आया हार्टअटैक, मौत

**राजगढ़।** किसानों के हित और शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में कृषि विभाग सहित जिला प्रशासन द्वारा मोहनपुरा बांध क्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेले के दौरान अनहोनी हो गई। मेले के समापन दिवस पर बुधवार दोपहर कृषि विभाग राजगढ़ में कार्यरत कर्मचारी रामप्रसाद भील उम्र 55 को हार्टअटैक आ गया। भील को अचानक आए हृदयाघात के उपरान्त मौके पर उपस्थित कुछ लोगों ने उन्हें सीपीआर भी दिया। इसके बाद उन्हें अधिकारियों के वाहनों से तुरन्त जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।




ग्राम पंचायत खजूरिया के सचिव निलंबित व रोजगार सहायक का हुआ अटैचमेंट

## मस्टर जारी नहीं करने एवं लापरवाही पर हुआ निलंबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जनपद पंचायत ब्यावरा में आयोजित जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान पाया कि हटेसिंह शिवहरे सचिव ग्राम पंचायत खजूरिया जनपद पंचायत ब्यावरा बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के बैठक में अनुपस्थित रहे तथा इनके द्वारा ग्राम पंचायत खजूरिया में एक बगिया मों के नाम अंतर्गत स्वीकृत 4 कार्यों के विरूद्ध मात्र राशि 36 हजार के बिल जनपद पंचायत में जमा कराये गये तथा मजदूरी के मस्टर जारी कराने में कोई रूचि नहीं ली गई। हटेसिंह शिवहरे सचिव ग्राम पंचायत खजूरिया जनपद पंचायत ब्यावरा को 18 फरवरी तत्काल


कार्यालय जिला पंचायत-राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
-आदेश-

प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन काल में हटेसिंह शिवहरे निलंबित सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत ब्यावरा रहेगा तथा इनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। वहीं कि सुरेश दांगी ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत खजूरिया को भी ग्राम पंचायत खजूरिया में एक बगिया मों के नाम अंतर्गत स्वीकृत 04 कार्यों के विरूद्ध मात्र राशि रू. 36 हजार के बिल जनपद पंचायत में जमा कराये गये तथा मजदूरी के मस्टर जारी नहीं किये जाने संबंधी कृत्य करते हुए, अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही का दोषी माना है। सुरेश दांगी ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत खजूरिया जनपद पंचायत ब्यावरा को उक्त कृत्य के लिये आगामी आदेश तक जनपद पंचायत ब्यावरा में मनरेगा योजनांतर्गत कार्य करने हेतु संबद्ध किए जाने का आदेश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जारी किया है।

## सचिव के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कृषि उपज मंडी समिति ब्यावरा जिला राजगढ़ से अशोक कुमार ठाकुर मंडी सचिव का स्थानांतरण कृषि उपज मंडी समिति सिराली जिला हरदा में हो जाने के कारण उनका विदाई समारोह मंडी के सभा कक्ष में दोपहर को रखा गया। जिसमें नवनियुक्त मंडी सचिव भगवान सिंह सोलंकी लेखपाल गोपाल सिंह सिकरवार राजेश सक्सेना, प्रियांशु जाटव बद्रीलाल भिलाला हरिप्रसाद सेन आकाश भिलाला रोहित विश्वकर्मा सीताराम वर्मा श्याम सुंदर जितेंद्र सिंह सिकरवार महेश यादव मोहनलाल नगर कन्हैया लाल यादव राहुल सोंधिया नितिन शर्मा देवीसिंह केसरिया भगवानसिंह चंद्रवंशी गोकुल दास शर्मा मनोहर गिरी सुनील शर्मा एवं समस्त मंडी कर्मचारी गण उपस्थित रहे एवं ठाकुर को शुभकामनाएं दीं।

# मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर व्याख्यान का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के संबंध में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर आत्महत्या रोकथाम पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉक्टर ममता खोइया ने कहा की विद्यार्थियों को नकारात्मक विचार से दूर रहना चाहिए। इसके लिए बात करके समस्या का हल निकालने की कोशिश करना चाहिए ना की आत्महत्या जैसे गलत काम की और अग्रसर होना चाहिए।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ अर्चना वर्मा ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में हमें मानसिक रूप से सुदृढ़ होने की आवश्यकता है।इसके लिए योग, प्राणायाम, आध्यात्म के माध्यम से हम सकारात्मक विचारों को जीवन में ला सकते हैं। सह कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर भाविक वोरा ने कहा की हर एक व्यक्ति को अपने शौक या हॉबीज को बनाए रखना चाहिए जो हमें नकारात्मक विचारों से दूर रखती हैं।इस अवसर पर डॉ विमल लोदवाल ने कहा कि हमें मोबाइल के बजाय किसी न किसी खेल से जुड़ना चाहिए। खेल हमें नकारात्मकता से बचते हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर प्रीतम गुणावा, डॉ अरुणा सोलंकी, डॉ फारूक पठान श्रीमती सोनम करोडिया एवं डॉ सुरेंद्र यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किया। मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए फरवरी माह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थीयों के लिए माइंडफूलनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ अरुणा सोलंकी ने माइंडफूलनेस के तरीके से विद्यार्थियों को अवगत कराया।



## माता शबरी की जयंती धूमधाम से मनाई

**ब्यावरा।** आदिवासी भील समाज ने मां शबरी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई। इस समारोह में नगर व आसपास के गावों के सैकड़ों समाज बंधु महिलाओं व नौजवान युवकों ने भाग लिया। इस मौके पर समाजजनों ने माता शबरी की झांकी की भव्य शोभा यात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाएं सिर पर कलश लिए चल रही थी। ढोल-ताशों, ध्वजों और जय माँ शबरी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। आदिवासी लोक नृत्य दल द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं पारंपरिक ढोल और मांदल की थाप पर प्रस्तुत नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया और आदिवासी संस्कृति की समृद्ध विरासत को जीवंत कर दिया लोकनृत्य के समाज के युवा ढ़ोल बेंड बाजों की धुन पर जमकर थिरक रहे थे।



## पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत इकलेरा में तीन यूट्यूबरों के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें इकलेरा के सरपंच यूट्यूबरों को पीटते दिखाई दे रहे हैं। वहीं इसी गांव के एक प्रतिनिधि संजय सिंह के घर में भी कुछ अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट व तोड़फोड़ करने की घटना सामना आई है जिसको लेकर संजय सिंह ने थाने में आवेदन दिया है। बुधवार को राजगढ़ जिला मुख्यालय पर इस संबंध में सहयोगी पत्रकार संगठन जिला राजगढ़ (म.प्र.) द्वारा जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

#### जिले में फर्जी पत्रकारों की मान्यता और कार्यशैली की भी हो जांच

गौरतलब है कि सहयोगी पत्रकार संगठन द्वारा ज्ञापन देने का उद्देश्य पत्रकारों की सुरक्षा व भविष्य में कभी भी किसी निष्पक्ष और सच्चे पत्रकार पर कोई हमला न हो और क्षेत्र में कवरेज के दौरान वह सुरक्षित रहे, इसी उद्देश्य से ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से राजगढ़ कलेक्टर से आग्रह किया गया है कि जिले में अगर कोई व्यक्ति पत्रकारिता की आड़ मेंब्लैकमेलिंग या अन्य अवैध काम करता पाया जाता है तो उनकी भी जांच हो और उन पर भी कार्रवाई हो। वहीं जिस प्रकार सरपंच श्रवणकुमार ने युटयुबरों को पीटा है वह गलत है इसमें कौन दोषी है कौन निर्दोष है। इसकी भी निष्पक्ष जांच हो और दोषी पर कार्रवाई हो। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी सरपंच के खिलाफ वैधानिक धाराओं में मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा पीड़ति पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की भी मांग की गई है।

## कायाकल्प टीम ने परखी जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शासन, प्रशासन का प्रयास है कि पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर से बेहतर हों और सरकारी अस्पतालों में मरीजों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन को जांचने, परखने स्वास्थ्य विभाग ने कायाकल्प अभियान भी चलाया हुआ है। इसी अभियान के तहत कल बुधवार सुबह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल से आई तीन सदस्यीय टीम ने जिला अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थों का जायजा लिया। टीम में शामिल अधिकारियों ने जिला अस्पताल की ओपीडी, विभिन्न वार्डों, निःशुल्क दवा वितरण केंद्र, एसएनसीयू, प्रसूती विंग सहित अन्य यूनिटों में पहुंचकर बारीकी से जांच की। अधिकारियों ने अस्पताल की स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही मरीजों को दिए जाने वाले भोजन को भी जांच।

### जिला पेंशनर्स फोरम की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

# पेंशन प्रकरण लंबित रखने वाले बाबू को निलंबन का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विभिन्न विभागों से रिटायर्ड हो चुके कर्मचारियों के अधिकारों के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा बेहद गंभीर नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार दोपहर कलेक्टोरेट सभागार में आहूत जिला पेंशनर्स फोरम की बैठक में डॉ. मिश्रा ने दो पेंशन प्रकरणों को अनावश्यक लंबित रखने वाले लिपिक को सस्पेंड करने का नोटिस प्रदान करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए।

बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग से संबंधित प्रकरण में यह तथ्य सामने आया कि दो कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के उपरांत भी उनके एरियर एवं टीए के भुगतान लंबित है। इस पर कलेक्टर ने प्रकरणों को लंबित रखने वाले बाबू बद्रीलाल वर्मा को निलंबित करने का नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही दोनों सेवानिवृतत कर्मचारियों को आगामी 3 दिवस में उनके समस्त लंबित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश अधीनस्थों को प्रदान किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की उपेक्षा किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।



#### सेवानिवृत्ति के पूर्व मिल जाए सर्विस बुक की प्रति

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने यह भी निर्देशित किया कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति तिथि से तीन माह पूर्व ही सर्विस बुक की प्रति उपलब्ध करा दी जाए। ताकि यदि किसी दस्तावेज की कमी हो तो समय रहते उसकी पूर्ति की जा सके और सेवानिवृत्ति उपरांत भुगतान में विलंब की नौबत ही न आए। बैठक में जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले भी मौजूद थे।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 7 मार्च तक होगा पंजीयन

**गुना।** मौजूदा रबी विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान भाई 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। गुना जिले में 35 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। इन केन्द्रों पर निःशुल्क पंजीयन कराया जा सकता है। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन, लोक सेवा केन्द्र व कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से भी निर्धारित शुल्क देकर किसान अपना पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने खाद्य, सहकारिता व कृषि सहित अन्य संबंधित विभागों के मैदानी अधिकारियों को किसानों को पंजीयन के लिये प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। भारत सरकार द्वारा गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये ज्यादा है।